वर्ष 28 अंक 151
पृष्ठ 22+4=26
बरेली, शनिवार
11 फरवरी 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

2018-19 से पूरे देश में इंजीनियरिंग की एक प्रवेश परीक्षा

नई दिल्ली, प्रेट्र : देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए 2018-19 के सत्र से नीट की तर्ज पर एकल परीक्षा कराने की तैयारी शुरू हो गई है। मानव संसाधन मंत्रालय ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) से इस संबंध में संभावित कदम उठाने को कहा है। देश में तकनीकी शिक्षा से जुड़े सभी मामलों को एआइसीटीई ही देखती है।

मंत्रालय ने परिषद से कहा है कि यह प्रस्ताव सरकार की नीति से मेल खाता है। परिषद इस संबंध में उपयुक्त नीति बना सकता है। माना जा रहा है विभिन्न आइआइटी के लिए होने वाली देशव्यापी परीक्षा को भी इसमें शामिल किया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय ने पारदर्शिता लाने, उच्च मानक स्थापित करने और छात्रों को तरह-तरह की परीक्षाओं के मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने के लिए यह निर्णय लिया है। मंत्रालय राज्यों और डीम्ड विश्वविद्यालयों से भी इस संबंध में सुझाव लेने के पक्ष में है। यह भी तय किया गया है कि परीक्षा साल में एक से ज्यादा बार कराई जाएगी और देश की भाषाई विविधता को इसमें समाहित करने का प्रयास किया जाएगा।